BROUGHT TO YOU BY LAWPREPARATION.IN सही उत्तर हेतु उत्तर कुंजी डाउनलोड करें

SET-B

खंड – अ
सामान्य अध्ययन

1. बाणसागर जल-विद्युत परियोजना किस नदी पर अवस्थित है ?
   (A) टोंस नदी
   (B) बरगी नदी
   (C) तवा नदी
   (D) पेंच नदी

2. निम्नलिखित में से कौन-सा नवीकरणीय ऊर्जा संसाधन *नहीं* है ?
   (A) ज्वारीय ऊर्जा
   (B) सौर ऊर्जा
   (C) डोलोमाइट
   (D) पवन ऊर्जा

3. सतपुड़ा तापीय विद्युत केन्द्र कहाँ स्थित है ?
   (A) चचाई
   (B) सारणी
   (C) बिरसिंहपुर
   (D) डोंगलिया

4. निम्नलिखित में से कौन-सा युग्म सही सुमेलित *नहीं* है ?

	खनिज	*स्थान (जिला)*
(A)	मैंग्नीज़	दमोह
(B)	बॉक्साइट	अनूपपुर
(C)	ताँबा	बालाघाट
(D)	हीरा	पन्ना

5. निम्नलिखित में से कौन-सा मध्य प्रदेश का प्रमुख कोयला क्षेत्र है ?
   (A) जोहिला
   (B) सोहागपुर
   (C) गुरुमुण्डा
   (D) पाथाखेड़ा

6. जलवायु के अनुसार, निम्नलिखित में से कौन-सी अवधि "द्वितीय ग्रीष्म ऋतु" कहलाती है ?
   (A) जुलाई – अगस्त
   (B) सितम्बर – अक्टूबर
   (C) अक्टूबर – नवम्बर
   (D) नवम्बर – दिसम्बर

7. निम्नलिखित में से कौन-सा प्रदेश काली मिट्टी के लिए जाना जाता है ?
   (A) बघेलखण्ड पठार
   (B) रीवा पठार
   (C) विन्ध्यन कगारी क्षेत्र
   (D) मालवा का पठार

8. सतपुड़ा श्रेणी की पूर्वी सीमा पर निम्नलिखित में से कौन-सी श्रेणी अवस्थित है ?
   (A) भाण्डेर श्रेणी
   (B) कैमूर श्रेणी
   (C) मेकल श्रेणी
   (D) विन्ध्याचल श्रेणी

9. घसान एवं बीना निम्नलिखित में से किसकी सहायक नदियाँ हैं ?
   (A) माही नदी
   (B) ताप्ती नदी
   (C) सोन नदी
   (D) बेतवा नदी

10. मध्य प्रदेश का सबसे कम औसत वर्षा वाला जिला है
   (A) भिण्ड
   (B) सिवनी
   (C) इन्दौर
   (D) सागर

BROUGHT TO YOU BY LAWPREPARATION.IN

सही उत्तर हेतु उत्तर कुंजी डाउनलोड करें

11. अन्तर्राष्ट्रीय ओलम्पिक समिति का मुख्यालय कहाँ है ?
(A) बर्न
(B) लौसान
(C) जिनेवा
(D) ज्युरिक

12. किस भारतीय महिला क्रिकेटर को पहली बार मेजर ध्यान चंद खेल रत्न पुरस्कार 2021 से सम्मानित किया गया ?
(A) स्मृति मंधाना
(B) हरमनप्रीत कौर
(C) मिथाली राज
(D) झूलन गोस्वामी

13. भारत में राष्ट्रीय खेल दिवस किस खिलाड़ी के जन्म दिवस पर मनाया जाता है ?
(A) पी.टी. ऊषा
(B) मिल्खा सिंह
(C) मेजर ध्यान चंद
(D) सुनील गावस्कर

14. 'संगाई' त्योहार कहाँ मनाया जाता है ?
(A) असम
(B) मणिपुर
(C) नागालैंड
(D) मिज़ोरम

15. भारतीय सेना की अग्निपथ योजना के अन्तर्गत अग्निवीरों की नियुक्ति के लिए संशोधित आयु वर्ग क्या है ?
(A) 17 – 22 वर्ष
(B) 17·5 – 23·5 वर्ष
(C) 17·5 – 23 वर्ष
(D) 17 – 23·5 वर्ष

16. यू.जी.सी. के पूर्व अध्यक्ष प्रो. डी.पी. सिंह को शिक्षा सलाहकार के पद पर नियुक्ति किस राज्य सरकार ने दी है ?
(A) आंध्र प्रदेश
(B) अरुणाचल प्रदेश
(C) मध्य प्रदेश
(D) उत्तर प्रदेश

17. 'मसाई मारा' राष्ट्रीय अभयारण्य किस देश में स्थित है ?
(A) केन्या
(B) सोमालिया
(C) युगाण्डा
(D) तंज़ानिया

18. 'मुख्यमंत्री श्रमिक सेवा प्रसूति सहायता योजना' 2022 के अन्तर्गत लाभान्वितों को कितनी प्रसूति हेतु सहायता दी जाती है ?
(A) अधिकतम एक जीवित जन्म के लिए
(B) अधिकतम दो जीवित जन्म के लिए
(C) अधिकतम तीन जीवित जन्म के लिए
(D) जीवित जन्म के लिए कोई सीमा नहीं

19. मध्य प्रदेश सिकल सेल अभियान का उद्देश्य जनजातीय समुदायों में किसकी जागरूकता का प्रसार करना है ?
(A) सिकल सेल अनीमिया
(B) थैलेसीमिया
(C) हीमोग्लोबिनोपैथीस
(D) उपर्युक्त सभी

20. सोवियत यूनियन के अन्तिम नेता मिखाइल गोर्बाचेव, का हाल ही में किस आयु पर निधन हुआ है ?
(A) 91 वर्ष
(B) 93 वर्ष
(C) 95 वर्ष
(D) 97 वर्ष

BROUGHT TO YOU BY LAWPREPARATION.IN

सही उत्तर हेतु उत्तर कुंजी डाउनलोड करें

21. भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस इन्दौर शाखा के प्रथम अध्यक्ष कौन थे ?
(A) चौधरी दालचन्द राय
(B) सेठ गोविन्द दास
(C) पं. द्वारका प्रसाद मिश्र
(D) अर्जुन लाल सेठी

22. निम्नलिखित में से किस मेले का आयोजन जाम नदी के तट पर किया जाता है ?
(A) हिंगोट वार
(B) आसमाई
(C) चेत्रपूने
(D) गोटमार

23. मांदर और दफड़ा का संबंध किससे है ?
(A) गायन विधा
(B) वाद्य यंत्र
(C) नृत्य शैली
(D) भोजन

24. निम्नलिखित में से किस शासक ने उज्जैन में हिरण्य-गर्भदान नामक यज्ञ करवाया था ?
(A) गोविन्द तृतीय
(B) कृष्ण प्रथम
(C) दन्तिदुर्ग
(D) अमोघवर्ष

25. निम्नलिखित में से किस लेखक ने रानी दुर्गावती की राजधानी चौरागढ़ की लूट का वर्णन किया है ?
(A) बरनी
(B) अबुल फज़ल
(C) फैज़ी
(D) फिरदौसी

26. निम्नलिखित में से कौन-सी रचना शरद जोशी से संबंधित *नहीं* है ?
(A) परिक्रमा
(B) तिलिस्म
(C) दूसरी सतह
(D) युगचरण

27. निम्नलिखित में से कौन-सी जनजाति लौह शिल्प में निपुण मानी जाती है ?
(A) अगरिया
(B) कोरकू
(C) बैगा
(D) सहरिया

28. आदिवासियों की बोलियों में संवाद करने एवं सूचनाएँ प्रसारित करने वाले सामुदायिक रेडियो का नाम क्या है ?
(A) अरुणिमा
(B) वन्या
(C) संवेदना
(D) नवजीवन

29. अवध किशोर जड़िया का संबंध निम्नलिखित में से किस क्षेत्र से है ?
(A) चिकित्सा
(B) साहित्य एवं शिक्षा
(C) विज्ञान एवं तकनीकी
(D) खेल

30. पद्मावत ग्रन्थ में निम्नलिखित में से किस लोकनृत्य का वर्णन है ?
(A) सैरा
(B) जवारा
(C) करमा
(D) राई

BROUGHT TO YOU BY LAWPREPARATION.IN
सही उत्तर हेतु उत्तर कुंजी डाउनलोड करें

31. इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय (भारत सरकार) की सूचना प्रौद्योगिकी, इलेक्ट्रॉनिकी एवं संबंधित क्षेत्रों में शोध एवं विकास कार्य करने हेतु एक प्रमुख इकाई है
(A) सी-डेक
(B) सी-केड
(C) सी-एक्ड
(D) सी-केट

32. इनमें से क्या आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस से सीधे संबंधित *नहीं* है ?
(A) सुपरवाइज़्ड लर्निंग
(B) अनसुपरवाइज़्ड लर्निंग
(C) कम्प्यूटर नेटवर्किंग
(D) न्यूरल नेटवर्क

33. पेगासस एक उदाहरण है
(A) मोबाइल ऑपरेटिंग सिस्टम का
(B) ब्रूट फोर्स अटैक का
(C) स्पाईवेयर का
(D) डिनायल ऑफ सर्विस अटैक का

34. भारत सरकार द्वारा क्लाउड कम्प्यूटिंग की सरकारी आवश्यकताओं को पूर्ण करने के लिए किए जा रहे प्रयास का नाम है
(A) मेघराज
(B) ऐरावत
(C) बादल
(D) मेघदूत

35. डिजिटल हस्ताक्षर को वैधानिक स्वीकृति किस एक्ट के द्वारा दी गई है ?
(A) इंडियन एविडेंस एक्ट
(B) इन्फॉर्मेशन टेक्नोलॉजी एक्ट
(C) रिज़र्व बैंक ऑफ इंडिया एक्ट
(D) बैंकर्स बुक्स एविडेंस एक्ट

36. इंटरनेट पर डेटा के आदान-प्रदान को सुरक्षित रखने के लिए प्रयुक्त तकनीक एस.एस.एल. का पूरा नाम है
(A) सेफ सॉकेट लेयर
(B) सॉकेट सिक्युरिटी लेयर
(C) सिक्योर सॉकेट्स लेयर
(D) सिक्योर सेफ लेयर

37. निम्नलिखित में से क्या साइबर क्राइम का उदाहरण *नहीं* है ?
(A) डिनायल ऑफ सर्विस
(B) फिशिंग
(C) स्पैमिंग
(D) क्रिप्टोग्राफी

38. शिक्षा नीति के तीन प्रमुख सिद्धांतों — पहुँच, समानता एवं गुणवत्ता को प्राप्त करने के लिए, भारत सरकार द्वारा प्रारंभ किए गए कार्यक्रम का नाम है
(A) नेशनल नॉलेज नेटवर्क
(B) डिजीसिस्टम
(C) स्वयं
(D) दर्पण

39. 5G नेटवर्क में उच्च डेटा दर को सपोर्ट करने वाली स्पेक्ट्रम फ्रिक्वेंसी रेंज है
(A) 1 GHz से कम
(B) 1 GHz से 6 GHz के मध्य
(C) 6 GHz से ज़्यादा
(D) उपर्युक्त में से कोई नहीं

40. माइक्रोब्लॉगिंग प्लेटफॉर्म का एक उदाहरण है
(A) फेसबुक
(B) कोरा
(C) इंस्टाग्राम
(D) ट्विटर

BROUGHT TO YOU BY LAWPREPARATION.IN

सही उत्तर हेतु उत्तर कुंजी डाउनलोड करें

41. पंचायती राज दिवस कब मनाया जाता है ?

(A) 15 अगस्त

(B) 26 जनवरी

(C) 24 अप्रैल

(D) 14 नवम्बर

42. लोकतांत्रिक विकेन्द्रीकरण का अर्थ है :

(A) केन्द्र सरकार की शक्तियाँ बढ़ाना

(B) स्थानीय संस्थाओं के पक्ष में शक्तियाँ हस्तान्तरित करना

(C) राज्य सरकारों की स्वायत्तता सुनिश्चित करना

(D) ग्राम पंचायतों की स्थापना

43. "उजबन" जनजातीय संस्कार संबंधित है

(A) जन्म संस्कार से

(B) विवाह संस्कार से

(C) नामकरण संस्कार से

(D) दाहसंस्कार से

44. राज्यपाल की नियुक्ति कौन करता है ?

(A) प्रधान मंत्री

(B) उपराष्ट्रपति

(C) राष्ट्रपति

(D) सुप्रीम कोर्ट का मुख्य न्यायाधीश

45. संविधान के किस अनुच्छेद में भारत के प्रत्येक राज्य के लिए राज्य विधानमंडल का प्रावधान किया गया है ?

(A) अनुच्छेद 158

(B) अनुच्छेद 178

(C) अनुच्छेद 148

(D) अनुच्छेद 168

46. आकांक्षी विकासखण्ड प्रोग्राम (ABP) मध्य प्रदेश में किस वर्ष शुरू किया गया था ?

(A) 2022

(B) 2018

(C) 2019

(D) 2021

47. मध्य प्रदेश के औद्योगिक उत्पादन में मूल्य के आधार पर खाद्य प्रसंस्करण उद्योगों का कितना हिस्सा है ?

(A) 22 प्रतिशत

(B) 42 प्रतिशत

(C) 32 प्रतिशत

(D) 52 प्रतिशत

48. किस अनाज को सामान्यत: सुपरफूड (उत्तम खाद्य) के रूप में देखा जाता है ?

(A) गेहूँ

(B) चावल

(C) मिलेट्स (मोटा अनाज)

(D) (A) और (B) दोनों

49. वर्ष 2011 की जनगणना के अनुसार, पिछले दशक (2001 – 2011) में मध्य प्रदेश की जनसंख्या वृद्धि दर रही

(A) 25·6 प्रतिशत

(B) 20·3 प्रतिशत

(C) 17·7 प्रतिशत

(D) 26·7 प्रतिशत

50. वर्ष 2021 – 22 (अग्रिम अनुमानों के आधार पर) में मध्य प्रदेश की स्थिर भावों के आधार पर (2011 – 12 आधार वर्ष) प्रति व्यक्ति आय है

(A) ₹ 58,421

(B) ₹ 63,345

(C) ₹ 98,418

(D) ₹ 90,487

BROUGHT TO YOU BY LAWPREPARATION.IN

सही उत्तर हेतु उत्तर कुंजी डाउनलोड करें

खंड – ब

विधि

51. भारत के सर्वोच्च न्यायालय ने, इस केस में न्यायमूर्ति के.टी. थॉमस और श्री एफ.एस. नरीमन समिति की अनुशंसा के आधार पर दिशा-निर्देश जारी किए हैं ।

(A) विशाका बनाम राजस्थान राज्य, (1997) 6 SCC 241

(B) लोक और निजी सम्पत्तियों का विनाश बनाम आंध्र प्रदेश राज्य, (2009) 5 SCC 212

(C) भारत संघ बनाम लोकतांत्रिक सुधारों के लिए संगठन, (2002) 5 SCC 294

(D) कंवर पाल सिंह बनाम उत्तर प्रदेश राज्य, (2020) 14 SCC 331

52. आवश्यक वस्तु अधिनियम किस वर्ष लागू हुआ था ?

(A) 1963

(B) 1976

(C) 1965

(D) 1955

53. लोक सम्पत्ति नुकसान निवारण अधिनियम, 1984 को भारत के राष्ट्रपति की सहमति कब प्राप्त हुई ?

(A) 15 मार्च, 1984

(B) 16 मार्च, 1984

(C) 15 अगस्त, 1984

(D) 26 मार्च, 1984

54. वन्य जीव (संरक्षण) अधिनियम, 1972 की कौन-सी धारा राष्ट्रीय बाघ संरक्षण प्राधिकरण के गठन से सम्बन्धित है ?

(A) धारा 38 L

(B) धारा 38 U

(C) धारा 38 X

(D) धारा 38 V

55. वन्य जीव (संरक्षण) अधिनियम, 1972 की धारा 38क _____ से सम्बन्धित है ।

(A) एक चिड़ियाघर द्वारा जानवरों के अधिग्रहण

(B) बाघ संरक्षण प्राधिकरण की शक्ति और कार्यों

(C) क्षेत्रों को अभयारण्य या राष्ट्रीय उद्यान घोषित करने की केन्द्रीय सरकार की शक्ति

(D) केन्द्रीय चिड़ियाघर प्राधिकरण के गठन

56. वन्य जीव (संरक्षण) अधिनियम, 1972 की धारा 5A _____ से सम्बन्धित है ।

(A) बाघ संरक्षण प्राधिकरण के गठन

(B) राष्ट्रीय वन्य जीव बोर्ड के गठन

(C) बाघ और अन्य संकटापन्न प्रजाति अपराध नियंत्रण ब्यूरो के गठन

(D) बाघ संरक्षण प्रतिष्ठान की स्थापना

BROUGHT TO YOU BY LAWPREPARATION.IN

सही उत्तर हेतु उत्तर कुंजी डाउनलोड करें

57. स्त्री अशिष्ट रूपण (प्रतिषेध) अधिनियम, 1986 की धारा 8 के अन्तर्गत अपराध _____ है ।

(A) संज्ञेय और ज़मानतीय

(B) संज्ञेय और ग़ैर-ज़मानतीय

(C) असंज्ञेय और ज़मानतीय

(D) असंज्ञेय और ग़ैर-ज़मानतीय

58. स्त्री अशिष्ट रूपण (प्रतिषेध) अधिनियम, 1986 के अन्तर्गत 'अधिकृत अधिकारी' का अर्थ है _____ ।

(A) पुलिस अधिकारी

(B) जिला मजिस्ट्रेट

(C) केन्द्रीय सरकार द्वारा अधिकृत कोई राजपत्रित अधिकारी

(D) राज्य सरकार द्वारा अधिकृत कोई राजपत्रित अधिकारी

59. दहेज प्रतिषेध अधिनियम, 1961 की कौन-सी धारा में दहेज लेने या दहेज देने पर दण्ड का प्रावधान है ?

(A) धारा 5

(B) धारा 3

(C) धारा 5 और धारा 6

(D) धारा 4 और धारा 9

60. सूचना का अधिकार अधिनियम, 2005 किस उद्देश्य की प्राप्ति के लिए अधिनियमित किया गया है ?

(A) प्रत्येक लोक प्राधिकारी के कार्यकरण में पारदर्शिता और उत्तरदायित्व के संवर्धन के लिए

(B) केन्द्रीय सूचना आयोग एवं राज्य सूचना आयोग का गठन करने के लिए

(C) (A) और (B) दोनों के लिए

(D) उपर्युक्त में से कोई नहीं

61. सूचना का अधिकार अधिनियम, 2005 की धारा 7 के अन्तर्गत, यदि माँगी गई जानकारी का संबंध किसी व्यक्ति के जीवन या स्वतंत्रता से है, तो वह सूचना, अनुरोध प्राप्त होने के कितने समय के भीतर उपलब्ध कराई जाएगी ?

(A) 45 दिन

(B) 30 दिन

(C) 48 घण्टे

(D) 45 घण्टे

62. स्त्री अशिष्ट रूपण (प्रतिषेध) अधिनियम, 1986 की किस धारा में प्रावधान है कि दण्ड प्रक्रिया संहिता, 1973 के प्रावधान किसी भी तलाशी और ज़ब्ती पर लागू होंगे ?

(A) धारा 5 (1)

(B) धारा 5 (2)

(C) धारा 5 (3)

(D) उपर्युक्त में से कोई नहीं

BROUGHT TO YOU BY LAWPREPARATION.IN

सही उत्तर हेतु उत्तर कुंजी डाउनलोड करें

63. कौन-सा पुलिस अधिकारी, भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम, 1988 के अधीन दंडनीय मामलों (अपराधों) की जाँच के लिए प्राधिकृत है ?

(A) उप पुलिस-अधीक्षक

(B) दिल्ली विशेष पुलिस स्थापन की दशा में, पुलिस निरीक्षक

(C) (A) और (B) दोनों

(D) केवल (A)

64. भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम, 1988 की कौन-सी धारा लोक सेवक द्वारा आपराधिक अवचार को परिभाषित करती है ?

(A) धारा 7

(B) धारा 14

(C) धारा 13

(D) धारा 15

65. जो कोई जिसे भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम, 1988 (PCA, 1988) के अधीन किसी अपराध के लिए सिद्धदोष ठहराया गया है, उसके पश्चात् भी इस अधिनियम के अधीन दंडनीय कोई अपराध करता है, तो वह PCA, 1988 की निम्नलिखित धारा के अधीन दंडनीय होगा

(A) धारा 18

(B) धारा 14

(C) धारा 11

(D) धारा 15

66. किशोर न्याय (बालकों की देखभाल एवं संरक्षण) अधिनियम, 2015 ने इस अधिनियम के प्रावधानों के कार्यान्वयन के लिए कुछ सिद्धान्तों को तय किया है । ये हैं

(A) समानता एवं ग़ैर-भेदभाव का मूल सिद्धांत

(B) वित्तीय सहायता का मूल सिद्धांत

(C) उपर्युक्त दोनों

(D) उपर्युक्त में से कोई नहीं

67. किशोर न्याय (बालकों की देखभाल एवं संरक्षण) अधिनियम, 2015 के अधीन बाल गृह की स्थापना एवं रखरखाव, निम्नलिखित में से किसके द्वारा किया जा सकता है ?

(A) स्वयं ग्राम पंचायत या NGO के माध्यम से

(B) स्वयं केन्द्रीय सरकार द्वारा

(C) स्वयं राज्य सरकार या NGO के माध्यम से

(D) उपर्युक्त सभी

68. किशोर न्याय (बालकों की देखभाल एवं संरक्षण) अधिनियम, 2015 की धारा 2 (12) के अनुसार "बच्चे" से अभिप्राय है

(A) जिसने 16 वर्ष की आयु पूरी कर ली है ।

(B) जिसने अभी 18 वर्ष की आयु पूरी नहीं की है ।

(C) जो 18 वर्ष की आयु से कम है ।

(D) जो 16 वर्ष की आयु से कम है ।

69. क्या किशोर न्याय (बालकों की देखभाल एवं संरक्षण) अधिनियम, 2015, अन्तर्देशीय नातेदार दत्तक-ग्रहण पर लागू होता है ?

(A) नहीं

(B) हाँ, धारा 60 के अधीन प्रक्रिया के अनुसार

(C) नहीं, अंतर्देशीय दत्तक-ग्रहण पर CARA दिशा-निर्देश लागू होते हैं

(D) उपर्युक्त में से कोई नहीं

BROUGHT TO YOU BY LAWPREPARATION.IN
सही उत्तर हेतु उत्तर कुंजी डाउनलोड करें

70. अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति (अत्याचार निवारण) अधिनियम, 1989 के अन्तर्गत पीड़ित व्यक्ति निम्न में से किसके लिए हक़दार *नहीं* है ?

(A) अन्वेषण, जाँच और विचारण के दौरान यात्रा तथा भरण-पोषण व्यय का अधिकार

(B) निष्पक्षता, सम्मान और गरिमा के साथ व्यवहार पाने का अधिकार

(C) अलग से सुनवाई का अधिकार

(D) न्यायालय की कार्यवाही की युक्तियुक्त, यथार्थ और समय पर सूचना पाने का अधिकार

71. संविधान के निम्नलिखित में से किस अनुच्छेद से अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति (अत्याचार निवारण) अधिनियम, 1989 संबंधित है ?

(A) अनुच्छेद 15

(B) अनुच्छेद 17

(C) अनुच्छेद 18

(D) अनुच्छेद 23

72. अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति (अत्याचार निवारण) अधिनियम, 1989 की किस धारा के अन्तर्गत अग्रिम ज़मानत प्रतिबंधित है ?

(A) धारा 17

(B) धारा 18

(C) धारा 19

(D) धारा 20

73. अविनियमित निक्षेप स्कीम पाबंदी अधिनियम, 2019 के प्रयोजनों के लिए अभिहित न्यायालय का गठन निम्न में से किसके द्वारा किया जाता है ?

(A) केन्द्रीय सरकार द्वारा

(B) भारत के मुख्य न्यायाधीश की सहमति से केन्द्रीय सरकार के द्वारा

(C) संबंधित उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश की सहमति से समुचित सरकार द्वारा

(D) संबंधित राज्य के राज्यपाल द्वारा

74. उच्चतम न्यायालय के पास अविनियमित निक्षेप स्कीम पाबंदी अधिनियम, 2019 के अन्तर्गत किसी मामले को एक अभिहित न्यायालय से दूसरे अभिहित न्यायालय को अंतरित किसके द्वारा आवेदन करने पर किया जाता है ?

(A) सक्षम प्राधिकारी

(B) कोई हितबद्ध पक्षकार

(C) उपर्युक्त दोनों

(D) उपर्युक्त में से कोई नहीं

75. अविनियमित निक्षेप स्कीम पाबंदी अधिनियम, 2019 के अन्तर्गत "निक्षेप लेने वाले" का अर्थ निम्न *नहीं* है

(A) कोई एकल स्वामित्व फर्म

(B) व्यक्तियों का एक संघ

(C) बैंकिंग कम्पनी

(D) सहकारी सोसाइटी

BROUGHT TO YOU BY LAWPREPARATION.IN

सही उत्तर हेतु उत्तर कुंजी डाउनलोड करें

76. राज्य सूचना आयोग के कार्यों का साधारण अधीक्षण, निर्देशन और प्रबंध किसमें निहित होता है ?

(A) मुख्य सूचना आयुक्त

(B) सूचना आयुक्त

(C) राज्य सूचना आयुक्त

(D) राज्य मुख्य सूचना आयुक्त

77. स्वापक औषधि और मन:प्रभावी पदार्थ (एन डी पी एस) अधिनियम, 1985 की धारा 27 के अन्तर्गत यदि कोई व्यक्ति कोकेन, मॉर्फीन, डाइऐसीटल मॉर्फीन या ऐसी कोई अन्य स्वापक औषधि या ऐसा कोई मन:प्रभावी पदार्थ लेता है, जो कि केन्द्रीय सरकार द्वारा, राजपत्र में अधिसूचना द्वारा, विनिर्दिष्ट किया गया है; तो उसके लिए कितनी सज़ा का प्रावधान है ?

(A) कठोर कारावास जिसकी अवधि एक वर्ष तक हो सकती है

(B) साधारण कारावास जिसकी अवधि एक वर्ष तक हो सकती है

(C) दस वर्ष का कठोर कारावास जिसकी अवधि बीस वर्ष तक हो सकती है

(D) उपर्युक्त में से कोई नहीं

78. सूचना का अधिकार अधिनियम, 2005 की धारा 8 के अन्तर्गत निम्नलिखित में से कौन-सी सूचना प्रकट किए जाने की छूट है ?

(A) किसी विदेशी सरकार से विश्वास में प्राप्त सूचना

(B) मंत्रिपरिषद् के विचार-विमर्श के अभिलेख

(C) मंत्रिपरिषद् के विनिश्चय, विनिश्चय किए जाने और विषय के पूरा और विषय के समाप्त होने के पश्चात्

(D) उपर्युक्त में से कोई नहीं

79. किसकी सहमति से एन डी पी एस अधिनियम, 1985 के अन्तर्गत, विशेष न्यायालयों के न्यायाधीश सरकार द्वारा नियुक्त किए जाएँगे ?

(A) जिला न्यायाधीश

(B) उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश

(C) उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश तथा दो अन्य वरिष्ठ न्यायाधीश

(D) उपर्युक्त में से कोई नहीं

80. किन परिस्थितियों में प्रसव-पूर्व निदान-तकनीकों का संचालन गर्भधारण-पूर्व और प्रसव-पूर्व निदान-तकनीक (लिंग चयन प्रतिषेध) अधिनियम, 1994 के अन्तर्गत किया जा सकता है ?

(A) यदि गर्भवती महिला की आयु 18 वर्ष से ज़्यादा है

(B) यदि गर्भवती महिला को दो या दो से अधिक स्वतः गर्भपात हुए हैं या भ्रूण हानि हुई है

(C) यदि परिवार में मानसिक मंदता का कोई परिवार वृत्त नहीं है

(D) (A) और (B) दोनों

81. स्वापक औषधि और मन:प्रभावी पदार्थ (एन डी पी एस) अधिनियम, 1985 की धारा 7 क के अन्तर्गत राष्ट्रीय निधि का उपयोजन केन्द्रीय सरकार द्वारा निम्नलिखित में से किन अद्युपायों के संबंध में उपगत व्यय की पूर्ति के लिए किया जाएगा ?

(A) व्यसनियों की पहचान करना, उनका उपचार करना, पुनर्वास करना

(B) औषधि के दुरुपयोग का निवारण करना

(C) औषधि के दुरुपयोग के विरुद्ध जनता को शिक्षित करना

(D) उपर्युक्त सभी

BROUGHT TO YOU BY LAWPREPARATION.IN

सही उत्तर हेतु उत्तर कुंजी डाउनलोड करें

82. मध्य प्रदेश लोक सेवाओं के प्रदान की गारंटी अधिनियम, 2010 राज्य के _____ के लिए निर्धारित समय-सीमा के भीतर तथा उससे जुड़े और प्रासंगिक मामलों से संबंधित एक अधिनियम है ।

(A) लोगों को सेवाओं के वितरण

(B) अधिकारियों को सेवाओं के वितरण

(C) कुछ विशेष वर्ग के लोगों को सेवाओं के वितरण

(D) वंचितों को सेवाओं के वितरण

83. मध्य प्रदेश गोवंश वध प्रतिषेध अधिनियम, 2004 के अनुसार, दण्ड प्रक्रिया संहिता, 1973 में अंतर्विष्ट किसी बात के होते हुए भी, इस अधिनियम के समस्त अपराध _____ तथा _____ होंगे ।

(A) संज्ञेय, शमनीय

(B) ज़मानतीय, असंज्ञेय

(C) संज्ञेय, ग़ैर-ज़मानतीय

(D) अशमनीय, ज़मानतीय

84. मध्य प्रदेश लोक सेवाओं के प्रदान की गारंटी अधिनियम, 2010 के अनुसार निर्धारित समय का अर्थ है

(A) नामित अधिकारी द्वारा सेवा प्रदान करने के लिए अधिकतम समय

(B) नामित अधिकारी द्वारा सेवा प्रदान करने के लिए न्यूनतम समय

(C) आवेदन की तारीख से पाँच महीने

(D) आवेदन की तारीख से तीन महीने

85. मध्य प्रदेश विशेष न्यायालय अधिनियम, 2011 के अनुसार विशेष न्यायालयों के आदेशों के विरुद्ध अपील _____ में की जा सकती है ।

(A) सर्वोच्च न्यायालय

(B) उच्च न्यायालय

(C) सत्र न्यायालय

(D) ट्रिब्यूनल

86. मध्य प्रदेश विशेष न्यायालय अधिनियम, 2011 के अनुसार स्थापित विशेष अदालत किसी भी उद्देश्य के लिए किसी भी मुक़दमे को तब तक स्थगित नहीं करेगा जब तक ऐसा स्थगन उसकी राय में _____ के लिए आवश्यक न हो ।

(A) न्याय के हित

(B) कानून और व्यवस्था बनाए रखने

(C) अभियुक्त के हित

(D) याचिकाकर्ता के हित

87. मध्य प्रदेश गोवंश वध प्रतिषेध अधिनियम, 2004 में यह प्रावधान है कि _____ उन संस्थाओं को मज़बूत करने के लिए आवश्यक कदम उठाएँ जो गोवंश कल्याण के कार्यों में लगे हुए हैं ।

(A) जिला कलेक्टर

(B) मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी

(C) राज्य सरकार

(D) जिला न्यायाधीश

BROUGHT TO YOU BY LAWPREPARATION.IN

सही उत्तर हेतु उत्तर कुंजी डाउनलोड करें

88. विस्फोटक अधिनियम, 1884 की कौन-सी धारा केन्द्र सरकार को विशेष रूप से ख़तरनाक विस्फोटकों के निर्माण पर रोक लगाने की शक्ति देती है ?

(A) धारा 5

(B) धारा 6

(C) धारा 8

(D) धारा 9

89. विस्फोटक अधिनियम, 1884 के अन्तर्गत, विस्फोटकों के कब्ज़े और बिक्री के अनुज्ञापन के सम्बन्ध में नियम बनाने की शक्ति किसके पास है ?

(A) रक्षा मंत्रालय

(B) मुख्यमंत्री

(C) केन्द्रीय सरकार

(D) जिला मजिस्ट्रेट

90. विस्फोटक अधिनियम, 1884 की धारा 5 के अन्तर्गत बनाए गए नियमों के उल्लंघन में किसी भी विस्फोटक के निर्माण, आयात या निर्यात के लिए क्या सज़ा है ?

(A) दस हजार रुपए जुर्माना

(B) दो वर्ष का कारावास, या तीन हजार रुपए जुर्माना, या दोनों

(C) दस वर्ष का कारावास, या दस हजार रुपए जुर्माना, या दोनों

(D) तीन वर्ष का कारावास, या पाँच हजार रुपए जुर्माना, या दोनों

91. वन्य जीव (संरक्षण) अधिनियम, 1972 के अन्तर्गत गठित संचालन समिति का अध्यक्ष कौन है ?

(A) मुख्यमंत्री

(B) वन्य जीव प्रभारी मंत्री

(C) प्रधानमंत्री

(D) राज्यपाल

92. एक व्यक्ति जिसे इलेक्ट्रॉनिक हस्ताक्षर प्रमाण-पत्र जारी करने की अनुज्ञप्ति दी गई है उसे _____ रूप में जाना जाता है ।

(A) नियंत्रक

(B) आयुक्त

(C) केन्द्रीय सरकार

(D) प्रमाणकर्ता प्राधिकारी

93. सूचना प्रौद्योगिकी अधिनियम, 2000 के अनुसार, कोई भी व्यक्ति जो कोई दस्तावेज़, रिटर्न या रिपोर्ट प्रस्तुत करने में विफल रहता है, उस पर _____ रुपए तक जुर्माना लगाया जा सकता है ।

(A) 1,50,000

(B) 25,000

(C) 50,000

(D) 5,000 प्रतिदिन

94. सूचना प्रौद्योगिकी अधिनियम, 2000 के अन्तर्गत इलेक्ट्रॉनिक रूप में स्पष्ट यौन कृत्यों में बच्चों को चित्रित करने वाली सामग्री को प्रकाशित करने या संचारित करने के लिए _____ में दण्ड का प्रावधान है ।

(A) धारा 66

(B) धारा 67 A

(C) धारा 67 B

(D) धारा 68

BROUGHT TO YOU BY LAWPREPARATION.IN
सही उत्तर हेतु उत्तर कुंजी डाउनलोड करें

95. राष्ट्रीय सुरक्षा अधिनियम, 1980 के अन्तर्गत गठित सलाहकार बोर्ड की अध्यक्षता किसके द्वारा की जाती है ?

(A) सर्वोच्च न्यायालय के न्यायाधीश द्वारा

(B) किसी उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश द्वारा

(C) किसी उच्च न्यायालय के न्यायाधीश द्वारा

(D) सर्वोच्च न्यायालय के किसी सेवानिवृत्त न्यायाधीश द्वारा

96. आनुवंशिकी काउन्सलिंग सेन्टर, प्रयोगशाला अथवा परामर्श केन्द्र (क्लिनिक), राज्य के समुचित प्राधिकारी के विरुद्ध, पी सी पी एन डी टी अधिनियम, 1994 की धारा 21 के अन्तर्गत, किसे अपील कर सकते हैं ?

(A) राज्य सरकार

(B) केन्द्रीय सरकार

(C) राज्य पर्यवेक्षण बोर्ड

(D) केन्द्रीय पर्यवेक्षण बोर्ड

97. गर्भधारण-पूर्व और प्रसव-पूर्व निदान-तकनीक (लिंग चयन प्रतिषेध) अधिनियम, 1994 के अन्तर्गत कौन-सा न्यायालय इस अधिनियम के अधीन दंडनीय किसी अपराध का विचारण कर सकता है ?

(A) मेट्रोपोलिटन मजिस्ट्रेट या प्रथम श्रेणी के न्यायिक मजिस्ट्रेट

(B) उच्च न्यायालय

(C) मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट

(D) सत्र न्यायालय

98. राष्ट्रीय सुरक्षा अधिनियम, 1980 के अन्तर्गत निरोध आदेश अविधिमान्य या अप्रवर्तनशील नहीं है, क्योंकि

(A) व्यक्ति उपयुक्त सरकार के क्षेत्रीय अधिकार-क्षेत्र की सीमाओं से बाहर है

(B) व्यक्ति उपयुक्त सरकार के क्षेत्रीय अधिकार-क्षेत्र की सीमाओं के बाहर पहले से नज़रबंद है

(C) उपर्युक्त दोनों

(D) उपर्युक्त में से कोई नहीं

99. अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति (अत्याचार निवारण) अधिनियम, 1989 के अन्तर्गत 'विशेष न्यायालय' का गठन कौन करता है ?

(A) केन्द्रीय सरकार

(B) भारत के मुख्य न्यायाधीश की परामर्श से केन्द्रीय सरकार

(C) उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश की सहमति से राज्य सरकार

(D) राज्यपाल की सहमति से राज्य सरकार

100. राष्ट्रीय सुरक्षा अधिनियम, 1980 के अन्तर्गत हिरासत में लिए गए व्यक्ति को निरोध के आधार के बारे में बताने के संबंध में निम्नलिखित में से कौन-सा कथन सही है ?

(A) हिरासत में लिए गए व्यक्ति को शीघ्र सूचित किया जाना चाहिए ।

(B) हिरासत में लिए गए व्यक्ति को सामान्यतः 5 दिनों के भीतर सूचित किया जाना चाहिए ।

(C) हिरासत में लिए गए व्यक्ति को असाधारण परिस्थितियों में 15 दिनों के भीतर सूचित करना होगा ।

(D) हिरासत में लिए गए व्यक्ति को 30 दिनों के भीतर सूचित करना होगा ।

BROUGHT TO YOU BY LAWPREPARATION.IN

101. भारतीय खाद्य सुरक्षा और मानक प्राधिकरण

(A) एक अध्यक्ष और बाईस सदस्यों से मिलकर बनेगा

(B) एक अध्यक्ष, एक उपाध्यक्ष और बाईस सदस्यों से मिलकर बनेगा

(C) एक अध्यक्ष और बाईस सदस्य, जिनमें एक-तिहाई स्त्रियाँ होंगी, से मिलकर बनेगा

(D) उपर्युक्त में से कोई नहीं

102. 'खाद्य सुरक्षा लेखापरीक्षा' से अभिप्राय है

(A) अच्छी विनिर्माण प्रथाओं को अपनाना

(B) विनिर्माण इकाइयों द्वारा अपनाए गए खाद्य सुरक्षा उपायों की जाँच

(C) भोजन के मूल्य और आयात को मापना

(D) उपर्युक्त सभी

103. खाद्य सुरक्षा और मानक अधिनियम, 2006 की कौन-सी धारा में मुख्य कार्यपालक अधिकारी के कृत्यों का विवरण दिया है ?

(A) धारा 8

(B) धारा 11

(C) धारा 17

(D) धारा 10

104. मध्य प्रदेश आबकारी अधिनियम, 1915 _____ वर्ष से कम आयु के पुरुषों के रोज़गार पर रोक लगाता है ।

(A) 21

(B) 18

(C) 24

(D) 16

105. मध्य प्रदेश राज्य सुरक्षा अधिनियम, 1990 सार्वजनिक व्यवस्था के रखरखाव के लिए प्रतिबंध लगाने के लिए _____ को शक्ति देता है ।

(A) उच्च न्यायालय के न्यायाधीश

(B) जिला मजिस्ट्रेट

(C) प्रखंड विकास अधिकारी

(D) मुख्यमंत्री

106. मध्य प्रदेश राज्य सुरक्षा अधिनियम, 1990 की धारा 3 (1) के अन्तर्गत पारित एक प्रतिबंध आदेश, आदेश की तारीख से _____ तक लागू रहेगा ।

(A) 3 वर्ष

(B) 2 वर्ष

(C) 1 वर्ष

(D) 6 माह

107. मध्य प्रदेश आबकारी अधिनियम, 1915 के अनुसार "ताड़ी" का अर्थ किसी भी प्रकार के _____ के वृक्ष से खींचा गया रस, चाहे वह किण्वित हो या अकिण्वित ।

(A) धतुरा

(B) नीम

(C) नारियल

(D) पाम

BROUGHT TO YOU BY LAWPREPARATION.IN
सही उत्तर हेतु उत्तर कुंजी डाउनलोड करें

108. निम्नलिखित में से किस मामले में भारत के सर्वोच्च न्यायालय ने घोषणा की कि घरेलू हिंसा से महिलाओं के संरक्षण अधिनियम, 2005 की धारा 2 (थ) [Section 2 (q)] में 'वयस्क पुरुष' शब्दों को हटा दिया गया है ?

(A) पुनित वर्मा बनाम रमाकान्त वर्मा ए आइ आर 2016 एस सी 4441

(B) हिरल पी. हरसोरा बनाम कुसुम नरोत्तम दास हरसोरा ए आइ आर 2016 एस सी 4774

(C) विजय सिंह बनाम लक्ष्मी सिंह ए आइ आर 2015 एस सी 4442

(D) विकास दत्ता बनाम सुरेश दत्ता ए आइ आर 2017 एस सी 2091

109. घरेलू हिंसा से महिलाओं का संरक्षण अधिनियम, 2005, संरक्षण अधिकारी को सद्भावनापूर्वक की गई कार्रवाई के लिए संरक्षा प्रदान करता है

(A) धारा 31 के अन्तर्गत

(B) धारा 35 के अन्तर्गत

(C) धारा 36 के अन्तर्गत

(D) धारा 37 के अन्तर्गत

110. घरेलू हिंसा से महिलाओं का संरक्षण अधिनियम, 2005 अब पूरे देश में लागू है _____ से ।

(A) 13 अक्टूबर, 2019

(B) 15 अक्टूबर, 2019

(C) 27 अक्टूबर, 2019

(D) 31 अक्टूबर, 2019

111. दहेज प्रतिषेध अधिनियम, 1961 के अनुसार, दहेज देने या लेने का करार एक _____ है ।

(A) कानूनी करार

(B) शून्यकरणीय करार

(C) शून्य करार

(D) प्रवर्तनीय करार

112. यदि किसी व्यक्ति का अभियोजन दहेज लेने या दहेज लेने के लिए उत्प्रेरित करने या दहेज की माँग करने के लिए किया गया है, तो सबूत का भार _____ पर है ।

(A) अभियुक्त

(B) शिकायतकर्ता

(C) अभियुक्त और शिकायतकर्ता दोनों

(D) उपर्युक्त में से कोई नहीं

113. निम्नलिखित में से किस मामले में भारत के सर्वोच्च न्यायालय ने माना कि पत्नि केवल एक साझा घर में निवास के अधिकार का दावा करने की हक़दार है और एक 'साझा घर' का अर्थ केवल पति का घर या संयुक्त परिवार, जिसका एक सदस्य पति है, का घर होगा ?

(A) एस. आर. सिंह बनाम श्रीमति आर. सिंह ए आइ आर 2007 एस सी 1500

(B) महेन्द्र बनाम रूपा ए आइ आर 2008 एस सी 1600

(C) एस. आर. बत्रा बनाम श्रीमति तरुणा बत्रा 2007 (03) एस सी सी 169

(D) एस. आर. रमेश बनाम सुलोचना 2008 (03) एस सी सी 379

BROUGHT TO YOU BY LAWPREPARATION.IN

सही उत्तर हेतु उत्तर कुंजी डाउनलोड करें

114. सत्र न्यायालय के बारे में निम्नलिखित में से कौन-सा सही है ?

1. केन्द्र सरकार प्रत्येक सेशन प्रभाग के लिए एक सत्र न्यायालय स्थापित करेगी ।
2. प्रत्येक सत्र न्यायालय की अध्यक्षता उच्च न्यायालय द्वारा नियुक्त न्यायाधीश द्वारा की जाएगी ।
3. उच्च न्यायालय अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश और सहायक सत्र भी नियुक्त कर सकता है ।
4. एक सेशन प्रभाग के सत्र न्यायाधीश को केवल भारत के मुख्य न्यायमूर्ति द्वारा दूसरे प्रभाग के अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश के रूप में भी नियुक्त किया जा सकता है ।

(A) 1 और 2

(B) 2 और 3

(C) 2 और 4

(D) 3 और 4

115. अपराधी परिवीक्षा अधिनियम, 1958 की धारा 13 के अनुसार कौन एक परिवीक्षा अधिकारी *नहीं* है ?

(A) राज्य सरकार द्वारा परिवीक्षा अधिकारी के रूप में नियुक्त व्यक्ति या राज्य सरकार द्वारा इस तरह से मान्यता-प्राप्त अधिकारी

(B) इस उद्देश्य के लिए राज्य सरकार द्वारा पंजीकृत सोसाइटी द्वारा प्रदान किया गया व्यक्ति

(C) किसी भी असाधारण मामले में, कोई अन्य व्यक्ति जो विशेष परिस्थितियों में परिवीक्षा अधिकारी के रूप में कार्य करने के लिए न्यायालय की राय में उपयुक्त है

(D) कोई कम्पनी या एसोसिएशन या व्यक्तियों का निकाय, चाहे निगमित हो या नहीं

116. धारा 94 के अन्तर्गत, आपत्तीजनक वस्तुएँ जिन पर यह धारा लागू होती है, हैं

1. कूटकृत सिक्का
2. कूटकृत करेंसी नोट
3. कूटरचित दस्तावेज़
4. भारतीय दण्ड संहिता की धारा 294 से संबंधित अश्लील वस्तुएँ

(A) 1 और 2

(B) 1, 2 और 3

(C) 1, 2, 3 और 4

(D) उपर्युक्त में से कोई नहीं

117. सी.आर.पी.सी., 1973 की धारा 167 के अन्तर्गत, आरोपी को पुलिस हिरासत में भेजने की सबसे लंबी अवधि है

(A) 15 दिन

(B) 14 दिन

(C) 30 दिन

(D) 45 दिन

118. निम्नलिखित में से किस अपराध के किए जाने के संबंध में सी.आर.पी.सी. की धारा 39 के अन्तर्गत आम जनता का यह कर्तव्य नहीं है कि वह अपने नज़दीकी मजिस्ट्रेट या पुलिस अधिकारी को सूचना दे ?

(A) लोक सेवक द्वारा आपराधिक न्यासभंग

(B) फिरौती के लिए अपहरण

(C) दीपगृह (प्रकाश स्तंभ) को नष्ट करके रिष्टि

(D) दंडनीय अपराध करने के लिए गृह अतिचार

BROUGHT TO YOU BY LAWPREPARATION.IN
सही उत्तर हेतु उत्तर कुंजी डाउनलोड करें

119. भारतीय साक्ष्य अधिनियम, 1872 की धारा 61 के अनुसार दस्तावेज़ों की अन्तर्वस्तु को साबित किया जा सकेगा

(A) प्राथमिक साक्ष्य द्वारा

(B) द्वितीयक साक्ष्य द्वारा

(C) प्राथमिक एवं द्वितीयक दोनों साक्ष्य द्वारा

(D) प्राथमिक या द्वितीयक किसी भी साक्ष्य द्वारा

120. लैंगिक अपराधों से बालकों का संरक्षण अधिनियम, 2012 किस तारीख से प्रभाव में आया ?

(A) 02 अक्टूबर, 2012

(B) 14 नवम्बर, 2012

(C) 14 दिसम्बर, 2012

(D) 16 दिसम्बर, 2013

121. किस आयु से कम बच्चों के मामलों में प्रवेशन लैंगिक हमला, गुरुतर प्रवेशन लैंगिक हमला हो जाता है ?

(A) 10 वर्ष

(B) 12 वर्ष

(C) 14 वर्ष

(D) 16 वर्ष

122. भारतीय साक्ष्य अधिनियम, 1872 की धारा 45 के अन्तर्गत, निम्नलिखित में से किस विषय पर विशेषज्ञों की राय सुसंगत *नहीं* है ?

(A) विदेशी कानून

(B) विज्ञान

(C) वाणिज्य

(D) कला

123. कतिपय दशाओं में विनिर्दिष्ट वर्णन के आयुधों के अर्जन और कब्ज़े के लिए कौन अनुज्ञप्ति दे सकता है ?

(A) केन्द्रीय सरकार,

(B) राज्य सरकार

(C) नगर निगम

(D) केन्द्र या राज्य सरकार,

124. आयुधों के लिए अनुज्ञप्ति प्रदान करने हेतु, अनुज्ञापन प्राधिकारी किस धारा के अन्तर्गत नज़दीकी थाना प्रभारी से रिपोर्ट तलब करता है ?

(A) धारा 13 (1)

(B) धारा 13 (2)

(C) धारा 13 (2A)

(D) धारा 13 (3)

125. नकली अग्न्यायुध को अग्न्यायुध में संपरिवर्तित करने के लिए न्यूनतम कारावास की अवधि है

(A) 3 वर्ष

(B) 5 वर्ष

(C) 6 वर्ष

(D) 7 वर्ष

126. अश्लील प्रयोजनों के लिए बालक का उपयोग करने के लिए _____ से कम नहीं कारावास हो सकता है ।

(A) 3 वर्ष

(B) 5 वर्ष

(C) 8 वर्ष

(D) 10 वर्ष

BROUGHT TO YOU BY LAWPREPARATION.IN सही उत्तर हेतु उत्तर कुंजी डाउनलोड करें

127. मोटर वाहन अधिनियम, 1988 की धारा 29 के अन्तर्गत किस प्रकार के मोटर वाहन के लिए कंडक्टर के लाइसेंस की आवश्यकता होती है ?

(A) अशक्त गाड़ी

(B) मंज़िली गाड़ी

(C) बड़ी टैक्सी

(D) बस

128. नशे में गाड़ी चलाने से अपराध तब होता है जब रक्त में ऐल्कोहॉल अनुमेय निम्न सीमा से अधिक हो जाता है :

(A) 10 मिली प्रति 100 मिली

(B) 10 मिलिग्राम प्रति 100 मिली

(C) 30 मिली प्रति 100 मिली

(D) 30 मिलिग्राम प्रति 100 मिली

129. माता-पिता और वरिष्ठ नागरिकों का भरण-पोषण तथा कल्याण अधिनियम, 2007 के अन्तर्गत गठित भरण-पोषण अधिकरण (धारा 7) की अध्यक्षता _____ एक अधिकारी द्वारा की जाएगी ।

(A) किसी राज्य के उप-मंडल अधिकारी के पद से नीचे नहीं

(B) किसी राज्य के जिला मजिस्ट्रेट के पद से नीचे नहीं

(C) किसी राज्य के जिला न्यायालय के न्यायाधीश के पद से नीचे नहीं

(D) किसी राज्य के सिविल जज सीनियर डिविजन के पद से नीचे नहीं

130. किसी भी व्यक्ति को परिवहन वाहन चलाने के लिए तब तक लर्नर लाइसेंस नहीं दिया जाएगा जब तक कि उसके पास कम-से-कम _____ के लिए हल्के मोटर वाहन चलाने का ड्राइविंग लाइसेंस न हो ।

(A) छः महीने

(B) अठारह महीने

(C) दो वर्ष

(D) एक वर्ष

131. माता-पिता और वरिष्ठ नागरिकों का भरण-पोषण तथा कल्याण अधिनियम, 2007 के अन्तर्गत अपराध है

(A) ग़ैर-संज्ञेय और ज़मानतीय

(B) संज्ञेय और ग़ैर-ज़मानतीय

(C) संज्ञेय और ज़मानतीय

(D) ग़ैर-संज्ञेय और ग़ैर-ज़मानतीय

132. निम्नलिखित में से कौन-सा भारतीय साक्ष्य अधिनियम, 1872 के अन्तर्गत न्यायालय ***नहीं*** है ?

(A) जज

(B) मजिस्ट्रेट

(C) साक्ष्य लेने के लिए कानूनी रूप से अधिकृत कोई भी व्यक्ति

(D) मध्यस्थ

133. भारतीय साक्ष्य अधिनियम, 1872 की किस धारा के अन्तर्गत जन्म और मृत्यु रजिस्टर में की गई प्रविष्टियाँ सुसंगत तथ्य हैं ?

(A) धारा 33

(B) धारा 35

(C) धारा 39

(D) धारा 46

134. माता-पिता और वरिष्ठ नागरिकों का भरण-पोषण तथा कल्याण अधिनियम, 2007 के अन्तर्गत अधिकतम भरण-पोषण भत्ता

(A) पाँच हजार रुपए प्रति माह से अधिक नहीं होगा

(B) सात हजार रुपए प्रति माह से अधिक नहीं होगा

(C) दस हजार रुपए प्रति माह से अधिक नहीं होगा

(D) बारह हजार रुपए प्रति माह से अधिक नहीं होगा

BROUGHT TO YOU BY LAWPREPARATION.IN

सही उत्तर हेतु उत्तर कुंजी डाउनलोड करें

135. भारतीय संविधान के अनुच्छेद 120 के अनुसार, संसद में कार्य किस भाषा में किया जाएगा ?

(A) केवल हिन्दी में

(B) केवल अंग्रेज़ी में

(C) हिन्दी और अंग्रेज़ी दोनों में

(D) हिन्दी में या अंग्रेज़ी में

136. भारतीय संविधान के अनुच्छेद 5, 6, 7, 8 और 9 कब से लागू हुए ?

(A) 4 नवम्बर, 1948

(B) 5 नवम्बर, 1948

(C) 26 नवम्बर, 1949

(D) 26 जनवरी, 1950

137. भारतीय दण्ड संहिता का ड्राफ्ट किसके द्वारा तैयार किया गया था ?

(A) लॉर्ड विलियम बैंटिंक

(B) थॉमस बबिंगटन मैकाले

(C) लुईस माउंटबेटन

(D) जॉर्ज नथानिएल कर्ज़न

138. संविधान (105वाँ संशोधन) अधिनियम, 2021 कब से लागू हुआ ?

(A) 10 सितम्बर, 2021 से

(B) 13 सितम्बर, 2021 से

(C) 15 सितम्बर, 2021 से

(D) 18 सितम्बर, 2021 से

139. संविधान (86वाँ संशोधन) अधिनियम कब पारित किया गया था ?

(A) 2000 में

(B) 2002 में

(C) 2009 में

(D) 2010 में

140. भारतीय दण्ड संहिता, 1860 की धारा 53 के अन्तर्गत निम्नलिखित में से कौन-सी सज़ा निर्धारित *नहीं* है ?

(A) मृत्यु

(B) आजीवन कारावास

(C) सम्पत्ति की ज़ब्ती

(D) निशान दागना

141. अपराधी परिवीक्षा अधिनियम, 1958 को स्टेट्यूट बुक में इस प्रकार दर्ज किया गया है ?

(A) 1958 की अधिनियम संख्या 10

(B) 1958 की अधिनियम संख्या 15

(C) 1958 की अधिनियम संख्या 20

(D) 1958 की अधिनियम संख्या 21

142. अपराधी परिवीक्षा अधिनियम, 1958 की धारा 7 के अनुसार, धारा 4 की उपधारा (2) या धारा 6 की उपधारा (2) में संदर्भित परिवीक्षा अधिकारी की रिपोर्ट को किस प्रकार माना जाएगा ?

(A) गोपनीय

(B) ग़ैर-गोपनीय

(C) वैकल्पिक

(D) वैकल्पिक लेकिन ग़ैर-गोपनीय

143. शब्द "व्यक्ति" में कोई भी कम्पनी या एसोसिएशन या व्यक्तियों का निकाय शामिल है, चाहे वह निगमित हो या नहीं, भारतीय दण्ड संहिता, 1860 की किस धारा के अन्तर्गत परिभाषित किया गया है ?

(A) धारा 11

(B) धारा 12

(C) धारा 13

(D) धारा 14

BROUGHT TO YOU BY LAWPREPARATION.IN
सही उत्तर हेतु उत्तर कुंजी डाउनलोड करें

144. कार्य स्थल पर महिलाओं का यौन उत्पीड़न (रोकथाम, निषेध और निवारण) अधिनियम, 2013 के अंतर्गत "कर्मचारी" का अर्थ है

(A) नियमित कर्मचारी

(B) अस्थायी कर्मचारी

(C) तदर्थ/दैनिक वेतन भोगी

(D) उपर्युक्त सभी

145. आंतरिक समिति का पीठासीन अधिकारी और प्रत्येक सदस्य अपने नामनिर्देशन की तारीख से _____ की अवधि के लिए पद धारण करेगा ।

(A) दो वर्ष

(B) तीन वर्ष तीन महीने

(C) पाँच वर्ष

(D) तीन वर्ष से अधिक नहीं

146. कार्य स्थल पर महिलाओं का यौन उत्पीड़न (रोकथाम, निषेध और निवारण) अधिनियम, 2013 की धारा 15, निम्न में से किससे सम्बन्धित है ?

(A) यौन उत्पीड़न की शिकायत

(B) शिकायत की जाँच

(C) प्रतिकर का अवधारण

(D) आंतरिक समिति का गठन

147. कार्य स्थल पर महिलाओं का यौन उत्पीड़न (रोकथाम, निषेध और निवारण) अधिनियम, 2013 को राष्ट्रपति की सहमति कब प्राप्त हुई ?

(A) 8 मार्च, 2013

(B) 22 अप्रैल, 2013

(C) 8 दिसम्बर, 2013

(D) 22 मार्च, 2013

148. आवश्यक वस्तु अधिनियम, 1955 की धारा 3 के अंतर्गत किए गए सामान्य प्रकृति या व्यक्तियों के वर्ग को प्रभावित करने वाले आदेश को निम्नलिखित से अधिसूचित किया जाएगा

(A) सरकारी राजपत्र

(B) क्षेत्र में दो स्थानीय समाचार-पत्र

(C) समाचार चैनल एवं सामाजिक मीडिया

(D) दीवारों पर पर्चे चिपकाना

149. यदि कोई व्यक्ति जब आवश्यक वस्तु अधिनियम, 1955 की धारा 3 के अंतर्गत किए गए किसी भी आदेश द्वारा आवश्यक होने पर कोई ग़लत बयान देता है या कोई ग़लत जानकारी प्रस्तुत करता है, तो वह दंडनीय होगा

(A) एक अवधि के लिए कारावास से जो पाँच वर्ष तक हो सकता है, या जुर्माने से, या दोनों से ।

(B) एक अवधि के लिए कारावास से जो सात वर्ष तक हो सकता है, या जुर्माने से, या दोनों से ।

(C) एक अवधि के लिए कारावास से जो दस वर्ष तक हो सकता है, या एक लाख रुपए का जुर्माना, या दोनों से ।

(D) उपर्युक्त में से कोई नहीं

150. आवश्यक वस्तु को अधिसूचित करने की शक्ति निम्न में से किसमें निहित है ?

(A) राज्य सरकार

(B) केन्द्रीय सरकार

(C) स्थानीय सरकार

(D) उपर्युक्त सभी